Dainik Jagran (09.03.2016)



वेबसाइट और मोबाइल एप की शुरुआत करते कुलपति डॉ. दिनेश कुमार अग्रवाल। जागरण

# कलमायका में डिजिटल इंडिया की झलक

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में 11 से 13 मार्च तक होने वाले वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलिमेंट्स कलमायका-2016' में 'डिजिटल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' की झलक देखने को मिलेगी। इस उत्सव के लिए विश्वविद्यालय में जोर-शोर से तैयारियां शुरू हो गई हैं। विद्यार्थियों ने कलमायका के लिए वेबसाइट और मोबाइल एप तैयार किया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने वेबसाइट (www.elementsculmyca.com) और मोबाइल एप का शुभांरभ किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण विभाग के डीन प्रो. एसके अग्रवाल, सांस्कृतिक मामलों की अध्यक्ष डॉ. सोनिया बंसल, प्रौद्योगिकी मामलों के अध्यक्ष डॉ. वासुदेव मल्होत्रा उपस्थित थे। इस दौरान वार्षिक उत्सव का वीडियो ट्रेलर तथा पोस्टर भी जारी किया गया। इस वेबसाइट तथा एप को विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की नौ सदस्यीय टीम ने तैयार किया है। टीम में मयंक नागपाल, सात्विक दास, अंशुमन राठी, समीर गुप्ता, विपिन खुशु, शुभम गर्ग, प्रतीक कुमार, सोनल गुप्ता और मुदित जिंदल शामिल हैं। कलमायका-2016 नाम से इस मोबाइल एप को गूगल प्ले स्टोर से से निश्शुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। वेबसाइट और मोबाइल एप पर कलमायका से संबंधित सभी जानकारियां उपलब्ध होंगी। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं के विद्यार्थियों को नई डिजिटल प्रौद्योगिकी को सीखना चाहिए। उत्सव से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी को वेबसाइट पर डाला गया है और इससे विद्यार्थियों को उत्सव के लिए पंजीकरण करने में भी आसानी होगी।

- **विवि के विद्यार्थियों ने तैयार किया मोबाइल एप और वेबसाइट**
- **11 से 13 मार्च तक होगा वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव**

**Dainik Jagran (09.03.2016)**

# मां की पीड़ा को दी आवाज

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के महिला प्रकोष्ठ की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हरियाणा महिला कल्याण संघ के अध्यक्षा डॉ. आलोक दीप मुख्य अतिथि के तौर पर व कवयित्री मधु गुप्ता भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में कुल सचिव प्रो. तिलक राज तथा डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग प्रो. संदीप ग्रोवर के अलावा सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा पूनम सिंघल की देखरेख में किया गया। एनएसएस अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने महिला सशक्तीकरण पर कविता प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक व रचनात्मक गतिविधियों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिनमें स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग तथा कविता पाठन प्रमुख रहा। विश्वविद्यालय की छात्रा प्रतीक्षा ने मोनोलॉग अभिनय द्वारा पाकिस्तान के शहर पेशावर में सैनिक स्कूल पर हुए आतंकी हमले के बाद एक मां के मार्मिक हृदय वेदना को मंच पर उतारा, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा। रॉक बैंक 'सांवरे' की प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने महिला प्रकोष्ठ ने महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रकोष्ठ के प्रयास की सराहना की।




वाईएमसीए यूनिविर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करती छात्रा। जागरण

**Dainik Bhaskar (09.03.2016)**

**कलमायका-2016** | 'डिजिटल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' की झलक देखने को मिलेगी

# छात्रों ने तैयार की वेबसाइट व मोबाइल एप्लीकेशन

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2016' में भी 'डिजिटल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' की झलक देखने को मिलेगी। उत्सव को लेकर छात्र क्लब के सदस्यों द्वारा एक विशेष वेबसाइट और एप्लीकेशन तैयार की गई है। इसका आयोजन 11 से 13 मार्च तक किया जाएगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कार्यक्रम के वेबसाइट (www. elementsculmyca.com) और एप्लीकेशन का शुभांरभ किया। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो एस के अग्रवाल, सांस्कृतिक मामलों की अध्यक्ष डॉ सोनिया बंसल, प्रौद्योगिकी मामलों के अध्यक्ष डॉ वासुदेव मल्होत्रा के साथ सभी क्लबों के प्रभारी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान वार्षिकोत्सव का वीडियो ट्रेलर व पोस्टर भी जारी किया गया। उन्होंने कहा इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं के छात्रों को नई डिजिटल प्रौद्योगिकी को सीखना चाहिए। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि छात्र नई सोच के साथ आगे बढ़ रहे है। विश्वविद्यालय के डिजिटल अभियान में अपना योगदान दे रहे है। इस वेबसाइट व एप्लीकेशन को विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की नौ सदस्यीय टीम ने तैयार किया है। इसमें मयंक नागपाल, सात्विक दास, अंशुमन राठी, समीर गुप्ता, विपिन खुशु, शुभम गर्ग, प्रतीक कुमार, सोनल गुप्ता और मुदित जिंदल शामिल है। कलमायका-2016 नाम से इस मोबाइल एप्लीकेशन को गूगल प्ले से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. एसके अग्रवाल विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव में हर वर्ष कुछ नया देखने को मिलता है। डा. सोनिया बंसल के अनुसार वेबसाइट और एप्लीकेशन को विकसित करने का उद्देश्य उत्सव में छात्रों की भागीदारी बढ़ाना है। उन्होंने कहा उत्सव से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी को वेबसाइट पर डाला गया है। इससे छात्रों को उत्सव के लिए पंजीकरण करने में भी आसानी होगी। डा. बंसल के अनुसार आजकल ज्यादातर लोग इंटरनेट का इस्तेमाल मोबाइल फोन पर करते हैं। इसलिए वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी को मोबाइल एप्लीकेशन पर भी उपलब्ध कराया गया है।



कलमायका-2016 के लिए विद्यार्थियों ने तैयार की वेबसाइट और मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. दिनेश व अन्य।

**Hindustan Hindi (09.03.2016)**

# डिजिटल इंडिया की झलक दिखेगी

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में होने वाले सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव एलीमेंट्स 'कलमायका'-2016 के लिए वेबसाइट और मोबाइल एप तैयार किया है। 'कलमायका' में डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया का प्रभाव देखने को मिलेगा।

वाईएमसीए वार्षिकोत्सव 'कलमायका'-2016 का आयोजन 11 से 13 मार्च तक विश्वविद्यालय परिसर में होगा। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में वेबसाइट और एप को लांच किया। उन्होंने वार्षिकोत्सव का वीडियो ट्रेलर और पोस्टर भी जारी किया। इस वेबसाइट और एप्लीकेशन को विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की नौ सदस्यीय टीम ने तैयार किया है। इसमें मयंक नागपाल, सात्विक दास, अंशुमन राठी, समीर गुप्ता, विपिन खुशु, शुभम गर्ग, प्रतीक कुमार, सोनल गुप्ता और मुदित जिंदल शामिल हैं।

**आयोजन**

- डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया का प्रभाव देखने को मिलेगा
- कुलपति ने वार्षिकोत्सव का पोस्टर जारी किया

'कलमायका'-2016 नाम से इस मोबाइल एप्लीकेशन को गूगल प्ले से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि वेबसाइट और एप्लीकेशन विकसित करने का उद्देश्य उत्सव में छात्रों की भागीदारी बढ़ाना है। छात्रों को उत्सव के लिए पंजीकरण करवाने में भी आसानी होगी। आजकल ज्यादातर लोग इंटरनेट का इस्तेमाल मोबाइल फोन पर करते है, इसलिए वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी मोबाइल एप्लीकेशन पर भी उपलब्ध करवाई गई है। प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं के छात्रों को नई डिजिटल प्रौद्योगिकी को सीखना चाहिए।

**Amar Ujala (09.03.2016)**

# 'एलीमेंट्स कलमायका' में दिखेगा डिजिटल इंडिया का प्रभाव

**बल्लभगढ़ (ब्यूरो)।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2016 में भी 'डिजिटल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' का प्रभाव देखने को मिलेगा। विश्वविद्यालय के विद्यार्थी क्लब ने विशेष वेबसाइट और मोबाइल एप्लीकेशन तैयार किया है। उत्सव का आयोजन 11 से 13 मार्च तक होगा। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने मंगलवार को वेबसाइट और एप्लीकेशन की शुरुआत की। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर एसके अग्रवाल, सांस्कृतिक मामलों की अध्यक्ष डॉ. सोनिया बंसल, प्रौद्योगिकी मामलों के अध्यक्ष डॉ. वासुदेव मल्होत्रा के साथ-साथ सभी क्लबों के प्रभारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान वार्षिक उत्सव का वीडियो ट्रेलर तथा पोस्टर भी जारी किया गया। इस मौके पर कुलपति ने कहा कि इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं के विद्यार्थियों को नई डिजिटल प्रौद्योगिकी को सीखना चाहिए।